तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 7 जून 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 पीओएस मशीन का पोर्टल बंद होने से अप्रैल ...




12 मुक्तिधाम निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन




## खबर संक्षेप




### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 27 मई को विष्णुदत्त साव निजी काम से अपनी स्कूटी से बसना से सरायपाली रोड की ओर जा रहा था। शाम करीब 07.30 बजे वीरनारायण चौक आदियोगी शिव मंदिर के बाजू में पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने उसकी स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ट्रैक्टर में दबने से युवक की मौत

**महासमुंद।** जोगीडीपा के एक खेत में ट्रैक्टर में दब जाने से युवक की मौत हो गई। सरायपाली पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शरद कुमार यादव पिता स्व. गनपत यादव (30 वर्ष) अमरकोट गढ़पारा थाना सरायपाली ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 डीबी 9255 को खेत से चलाकर ग्राम अमरकोट आ रहा था, इसी दौरान सरहदी ग्राम जोगीडीपा के निरंजन बरिहा के खेत में उक्त ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के इंजन में दब जाने से शरद की मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### चाय दुकान में शराब बिक्री आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम बल्दीडीह में चाय दुकान में शराब की बिक्री करने वाले दो आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। सांकरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एनएच 53 रोड किनारे राहुल टी स्टल ग्राम बल्दीडीह में दुकान के संचालक के द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है व वर्तमान में बिक्री के लिएअवैध रूप से देशी महुआ शराब रखा गया है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम राहुल टंडन पिता नारायण टंडन (27 साल) सपोस बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 70 नग झिल्ली जिसमें शराब भरी हुई थी को बरामद किया गया। आरोपी राहुल टंडन ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई शत्रुघन डडसेना के साथ टी स्टल में अवैध शराब बेचता है। मामले में दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# तुमगांव रोड ओवरब्रिज के नीचे अवैध पार्किंग से बढ़ रहा खतरा

**जनता परेशान, सड़क संकरी हो जाने के कारण कई बार वाहनों में टक्कर की स्थिति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय स्थित ओवरब्रिज के आसपास अवैध पार्किंग के कारण यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ब्रिज के ठीक किनारे से लगाकर की जाने वाली पार्किंग के कारण रायपुर की ओर से आने वाली वाहनों को मुड़ने में परेशानी होती है और यहां पर सड़क के संकरी हो जाने के कारण कई बार वाहनों की आपस में टक्कर हो चुकी है। भारी वाहनों (ट्रकों) की बेतरतीब पार्किंग इस क्षेत्र में दुर्घटना का खतरा बढ़ा रही है।

स्थानीय नागरिकों और बाइक चालक रमेश कुमार ने कहा, हमें काम के सिलसिले में रोज यहां से गुजरना पड़ता है।

ट्रकों की अवैध पार्किंग के कारण सड़क बहुत संकरी हो जाती है। जिससे बाइक चलाना जोखिम भरा हो गया है। कई बार तो ट्रक के अचानक पीछे हटने से दुर्घटना का शिकार होने से बचे हैं। स्थानीय निवासी सविता का कहना है कि जब हम सुरक्षित आवागमन के लिए सड़क किनारे निकलते हैं, तो अवैध रूप से खड़े ट्रकों के कारण रास्ता ही नहीं मिलता। वहीं, एक अन्य राहगीर मोहम्मद रजा ने बताया प्रशासन का रवैया अजीब है, यदि हम अपनी बाइक कुछ मिनटों के लिए कहीं खड़ी कर दें, तो तुरंत कार्रवाई की जाती है, लेकिन इन ट्रकों को हटाने वाला कोई नहीं है।

### आम लोगों पर सख्ती ट्रकों को अनदेखी

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि प्रशासन और यातायात पुलिस का ध्यान केवल उन छोटे वाहन चालकों पर है जो बाजार में कुछ मिनटों के लिए जरूरी सामान खरीदने रुकते हैं। बाजार जाने वाले लोग यदि चंद मिनटों के लिए भी अपनी बाइक या कार सड़क किनारे खड़ी करते हैं, तो उन्हें तुरंत वाहन हटाने के लिए दबाव बनाया जाता है या कार्रवाई की चेतावनी दी जाती है।



### दुर्घटनाओं का हॉट-स्पॉट बना ओवरब्रिज

तुमगांव ओवरब्रिज का इलाका पहले ही दुर्घटनाओं के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। यहां पहले भी कई गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इसके बावजूद, भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात प्रबंधन में लापरवाही जारी है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में और भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहेगी।

**विडंबना : छुट्टियां बनीं स्कूलों की मुसीबत, अवैध गतिविधियां बढ़ी**

# नशाखोरी का अड्डा बने सरकारी परिसर, संपत्तियों को भी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरकारी स्कूल इन दिनों शिक्षा का मंदिर कम और असामाजिक तत्वों का अड्डा अधिक बने हुए हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश और अन्य छुट्टियों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पूरी तरह चरमरा जाने से शिक्षण संस्थानों में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ गई है। जिला मुख्यालय से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक, बंद स्कूल परिसरों का उपयोग नशाखोरी और अन्य अनैतिक गतिविधियों के लिए धड़ल्ले से हो रहा है। नगर के शासकीय प्राथमिक शाला गुड़रुपारा सहित जिले के अधिकतर स्कूलों की स्थिति चिंताजनक है। ग्रामीण क्षेत्र के निवासी और जागरूक नागरिक कैलाश, मोहन लाल और गुड़रुपारा वार्ड के निवासी रमेश कुमार का कहना है कि छुट्टी के दिनों में शाम ढलते ही असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। अगले दिन स्कूल खुलने पर शिक्षकों और विद्यार्थियों को पठन-पाठन से पहले परिसर में बिखरे शराब की बोतलें, उपयोग किए हुए डिस्पोजल गिलास, पानी के पाउच और खाने के पैकेट साफ करने पड़ते हैं। इससे न केवल समय बर्बाद होता है, बल्कि शैक्षणिक वातावरण भी दूषित हो रहा है।




### संपत्ति को जानबूझकर पहुंचाया जा रहा नुकसान

ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों ने बताया कि ये तत्व केवल गंदगी ही नहीं फैला रहे, बल्कि स्कूल की संपत्ति को भी नष्ट कर रहे हैं। स्कूल की दीवारों को खुरचना, खिड़कियों को तोड़ना और छत की ईंटों को नुकसान पहुंचाना आम बात हो गई है। रामकुमार निषाद और सुमित्रा बाई का कहना है कि स्कूल परिसर में नशीले पदार्थों का मिलना आसपास के निवासियों और विशेषकर छात्राओं की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गया है।

### प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल

अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूलों में चौकीदारों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए या फिर स्थानीय स्तर पर निगरानी के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। स्कूलों की संपत्ति सरकार का धन है, जिसे इस तरह बरबाद होते देखना बेहद दुखद है। ग्रामीण इलाकों में स्कूल भवनों के चारों ओर बाउंड्री वॉल न होने या टूटी हुई बाउंड्री वॉल के कारण असामाजिक तत्वों के लिए अंदर घुसना आसान हो गया है।

# लोन की रिकवरी रकम का गबन, ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोन की रिकवरी राशि के गबन के मामले में पिथौरा थाने में फायनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है।

पिथौरा पुलिस ने बताया कि पिथौरा स्थित फ्यूशन फायनेंस लिमिटेड के एरिया मैनेजर आशुतोष सिंह ने ब्रांच मैनेजर रोहित पटेल द्वारा 02 जून को रिकवरी रकम 4,09,500 रुपए को कैश बोल्ट में जमा न कर गबन कर लिए जाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि लगातार तीन दिन तक जब ब्रांच मैनेजर रोहित पटेल के द्वारा रिकवरी की रकम जमा नहीं कराई गई, जब उससे पूछताछ की गई तब गलत जानकारी देते हुए बैंक में सर्वर नहीं होने के कारण कैश जमा नहीं होना कहा गया। अगले दिन 2 जून की शाम को 6 बजे एरिया मैनेजर और रीजनल मैनेजर को फोन से ब्रांच मैनेजर पटेल ने बताया कि कैश क्लोजिंग और आज का कलेक्शन, जो 4,09,500 रुपए है, को मैंने अपने स्वयं के उपयोग में ले लिया हू और किसी व्य क्ति को उधारी चुका दिया हूं। दूसरे दिन चेक करने पर और पाया गया कि 4,09,500 रुपए कैश क्लोजिंग बैलेंस से कम पाया गया। मामले में ब्रांच मैनेजर के विरूद्ध धारा 316(4), 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

# पति को जंगल में ले गई महिला, मोबाइल में टाइम देखा और गले में चाकू से किया वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक महिला ने अपने पति पर बनदुर्गा मंदिर जाने की बात कहकर जंगल ले जाकर मोबाइल में टाइम देखने के बाद चाकू से हमला कर दिया। इस सनसनीखेज मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी महिला के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मामले को लेकर बसना पुलिस ने बताया कि प्रार्थी व जटेसिरा निवासी हरि मंडल ने रिपोर्ट लिखाई है कि पूर्व में उसका विवाह डुंगुरीपाली निवासी वृंदावती मंडल के साथ हुआ था। उनकी दो बेटियां हैं। उसने बताया कि 6 माह पहले उसका और उसकी पत्नी का सामाजिक तौर पर एक वर्ष के लिए विवाह विच्छेद हुआ था। 05 जून को करीबन 11.30 बजे उसकी पत्नी ने कॉल कर कहा कि बन दुर्गा मंदिर में पूजा पाठ करना है। आपके साथ जाउंगी नीलांचल राइस मिल बसना के पास लेने के लिए बुलाया। इसके बाद वह मोटर सायकल से अपने गांव जटेसिरा से निकल कर बसना नीलांचल राइस मिल के पास पहुंचा और अपनी पत्नी को साथ लेकर बन दुर्गा मंदिर जाने निकला। ग्राम बोईरडीह में उसकी पत्नी ने पगडंडी मार्ग दिखाते हुए उस ओर से चलने कहा। उसके कहने पर पगडंडी रास्ते पर गया, आगे करीबन एक से दो किलोमीटर जाने के बाद जंगल में उसकी पत्नी ने उससे कहा कि हम लोगों को अलग हुए 6 माह हुए हैं, मुझे आपसे दुख-सुख की बातें करनी है। फिर उसने गाड़ी रुकवाकर जंगल में करीबन 40-50 मीटर अंदर ले गई, जहां वे एक पेड़ की छांव के नीचे बैठे, जहां उसकी पत्नी ने उसे कहा कि अपने सिर को मेरे गोद में रखो। इसके बाद उसने अपने सिर को उसकी गोद में रखा, इस दौरान उसकी पत्नी ने अपने सिर के बालों से मेरे चेहरे को ढंक दिया और बार-बार अपने मोबाइल में समय देख रही थी, जैसे ही समय 01.50 हुआ। उसने अपने पर्स से एक चाकू निकालकर उसे जान से मारने की नीयत से गले में दो बार वार किया, जिससे गला कट गया। जब उसने अपनी पत्नी से पूछा कि ऐसा क्यों किया तब वह अपनी सेंडल व मोबाईल को वहीं छोड़कर भाग गई। इसके बाद प्रार्थी किसी तरह से थाना बसना पहुंचा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के विरूद्ध बसना थाने में धारा 118(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



# तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष की पत्नी राधा दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव नगर पंचायत क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूती देते हुए तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष बलराम कांत साहू की धर्मपत्नी राधा साहू ने आधिकारिक रूप से कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कर लिया। राधा साहू के साथ क्षेत्र के दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

इस महत्वपूर्ण राजनैतिक प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर तथा जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर के मार्गदर्शन में हुआ। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा तथा जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव द्वारा राधा साहू और उनके समर्थकों को कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में विधिवत प्रवेश दिलाया गया।

इस अवसर पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। श्रीमती राधा साहू और उनके दर्जनों साथियों के आने से तुमगांव क्षेत्र में संगठन को अभूतपूर्व शक्ति मिलेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर और जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर ने कहा कि स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ रखने वाले परिवारों का कांग्रेस में आना यह साबित करता है कि जनता और जमीनी कार्यकर्ता विकास की राजनीति के साथ हैं। इस प्रवेश से आने वाले समय में स्थानीय निकाय और संगठन के कार्यों को नई गति मिलेगी। राधा साहू ने कांग्रेस प्रवेश के बाद शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगी। इस दौरान तुमगांव और महासमुंद क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**आत्मदाह की दी चेतावनी, पाटनदादर का मामला**

# कोटवार का सामाजिक बहिष्कार, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पाटनदादर में एक कोटवार के साथ जातिगत भेदभाव और सामाजिक बहिष्कार का मामला सामने आया है। पीड़ित भागीरथी चौहान ने गांव के प्रभावशाली लोगों पर उन्हें अपमानित करने और परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने का गंभीर आरोप लगाया है।



भागीरथी चौहान ने बताया कि जुलाई 2024 में गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सहयोग के रूप में 1000 रुपए और पांच किलो चावल देने की पेशकश की थी। उनका आरोप है कि गांव के कुछ व्यक्तियों ने यह कहकर उनका सहयोग लेने से इनकार कर दिया कि उनके द्वारा दी गई वस्तुएं लेने से उनका धर्म भ्रष्ट हो जाएगा। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें उनकी जाति को लेकर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया और अपनी सीमा में रहने की धमकी दी। भागीरथी चौहान के अनुसार, आरोपियों ने गांव में एक समूह बनाकर उनका और उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि गांव का कोई भी व्यक्ति उनसे बातचीत नहीं करता। पीड़ित का आरोप है कि जो मजदूर उनके घर काम करने आते हैं, उन पर भी दबाव डाला जाता है और उन पर जुर्माना लगाया गया है। साथ ही, उनके समाज के एक अन्य व्यक्ति से गांव में फिर से शामिल करने के नाम पर 25 हजार रुपए की वसूली भी की गई है।

### पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल

पीड़ित का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से सांकरा थाना में लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। 5 जून 2026 को आरोपियों ने उन्हें फिर से धमकाया और कोटवार के पद से हटवाने की धमकी दी।

### न्याय के लिए आत्मदाह की चेतावनी

पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता से परेशान होकर भागीरथी चौहान ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यदि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई नहीं की, तो वे अपने पूरे परिवार के साथ रायपुर में मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्मदाह करेंगे।

# एक्सीडेंट में दो की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार एक नाबालिग सहित दो की मौत हो गई, वहीं एक युवक घायल हो गया। घटना गोड़मर्रा मोड़ के पास की है। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना बसना के मर्ग क्रमांक 81/2026 धारा 194 बीएनएसएस एवं मर्ग क्रमांक 82/2026 धारा 194 बीएनएसएस की मर्ग जांच की गई। जांच में पाया गया कि 5 जून को मृतक कृष्णा राणा पिता विपिन राणा (16 साल) जबलपुर थाना बसना एवं मृतक सूरज बरिहा पिता चंदरसिंग बरिहा (18 साल) कुदारीदादर थाना बसना और घायल सागर यादव पिता अशोक यादव (18 साल) कुदारीदादर थाना बसना मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 11 बीएम 4314 से जबलपुर से बसना की ओर जा रहे थे। गोडमर्रा मोड़ के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मृतक के मोटर सायकल को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा धारा 106(1) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# चालान की कॉपी देने के बदले पैसे मांगने वाले आरक्षक को किया लाइन अटैच

**महासमुंद।** चालान की कॉपी देने के बदले रुपए की मांग करने वाले पुलिस आरक्षक पर कार्रवाई करते हुए तत्काल लाईन अटैच कर दिया गया है। दरअसल, यह पूरा मामला जिले के सांकरा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। जब यहां पदस्थ आरक्षक अरुण प्रताप सिंह द्वारा एक व्यक्ति से चालान के बदले 2500 रुपए मांग किए जाने और रुपए लिए जाने संबंधी तथाकथित विडियो वायरल हुआ। वायरल विडियो के सामने आते ही आरक्षक अरुण प्रताप सिंह को सांकरा थाना से हटाते हुए लाइन अटैच कर दिया गया है। विभाग ने इस पूरे मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी है। चालान की प्रति के लिए कोई भी राशि लेना गलत है। वीडियो में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरक्षक ने निर्धारित रकम से कम पैसे देने पर दबाव बनाया और पूरी रकम वसूल की। हालांकि, इस वायरल वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग ने त्वरित एक्शन लिया।



### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी

इस मामले पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी मिलते ही विभागीय कार्रवाई की गई है। आरक्षक को पुलिस लाइन भेजा गया है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। यदि जांच में आरक्षक दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियम के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महतारी वंदन देकर जनता की जेब काट रही सरकार, महिलाएं आज पछता रहीं: संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा के प्रथम नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। खल्लारी विधायक व जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस स्वागत समारोह के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय महिला कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ।




कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने महिलाओं के मुद्दों को उठाते हुए कहा कि महिलाएं आज पछता रही हैं। छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें आज भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना का सच समझ चुकी हैं और वे इस झांसे में आकर पछता रही हैं। सरकार महिलाओं को महीने का महज एक हजार रुपए दे रही है, लेकिन कमरतोड़ महंगाई, महंगे घरेलू गैस सिलेंडर और रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ाकर उनकी जेब से हर महीने कई हजार रुपए वापस छीन रही है। भाजपा की नीतियां केवल चुनावी लाभ के लिए थीं। जमीन पर आज महिलाएं ठगा हुआ महसूस कर रही हैं और बढ़ती महंगाई ने घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासमुंद जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने संगठन की मजबूती और स्थानीय मुद्दों पर बेहद महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत हमारी महिला कार्यकर्ता हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी जमीन पर डटकर पार्टी का झंडा बुलंद रखती हैं। संगीता सिन्हा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस एक नया इतिहास रचेगी।

## वरिष्ठ नेताओं ने किया मार्गदर्शन

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और प्रबुद्ध वक्ताओं ने भी संबोधित किया, जिन्होंने संगठन की एकजुटता पर बल दिया जिसमें प्रमुख रूप से चातुरी नंद (सरायपाली विधायक), अमरजीत चावला (वरिष्ठ कांग्रेस नेता), डॉ. रश्मि चंद्राकर पूर्व जिलाध्यक्ष, आलोक चंद्राकर उपाध्यक्ष जीव जंतु कल्याण बोर्ड आदि शामिल थे।

## एकजुटता का संकल्प

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महासमुंद जिले में महिला कांग्रेस की गतिविधियों को तेज करना और आगामी राजनैतिक चुनौतियों के लिए जमीन तैयार करना था। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा के साथ संगठन के लिए काम करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, राजेन्द्र चंद्राकर, भरत ठाकुर, शहर महामंत्री निर्मल जैन, गणेश शर्मा, शमीम खान, गिरीश पटेल, अंकित बागबाहरा, दुर्गा सागर जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, अन्नू चंद्राकर ब्लॉक अध्यक्ष, सती साहू महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष, सीता पटेल महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव, सृष्टि चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, दीपा बारिक महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव, रीमा यादव महिला कांग्रेस जिला महासचिव, सोनम बंसोड़ शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, हेमलता निषाद महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, सेवन साहू महिला कांग्रेस जिला सचिव, रुप कुमारी धुव महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष, हेमा श्रीवास महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष, जयश्री दास महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष, सरिता प्रधान महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष, सविता गोस्वामी महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, सरस्वती यादव, कुंती यादव, नानू पुरैना, कुमारी यादव, बसंता ठाकुर पूर्व जिपं सदस्य, पुन्नी सोनवानी, काजल, दीपा, दीपशिखा, केसर, सुखमोतिम, कमला, उत्तरा, सुनिता, कृतिका, दुर्गी, कुंजकला, पल्लवी, मीना, भुवनेश्वरी, आरती, प्रीति, पार्वती यादव, देवकी, जुगी बाई, रंभा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण



**सरायपाली।** पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरुकता संगठन भारत राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेश कुमार भाटी के दिशा निर्देशानुसार पं टिकेश्वर मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरुकता संगठन भारत राष्ट्रीय महासचिव एवं अतिरिक्त छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय परिसर में एसडीओ पुलिस ललिता मेहर स्वयं गुलमोहर का पौधा लगाए तथा उनके उपस्थिति में गुलमोहर, नीम, पीपल, बिही -(माजा) पौधों का रोपण किया गया। वर्षाकाल माह में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय में लगभग 100 पौधरोपण करने तथा पौधों को देख रेख करने का निर्णय लिया गया।

# घर घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी, कार्रवाई की मांग

**महासमुंद।** घर में जबरदस्ती घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए पीड़ित महिला ने सिटी कोतवाली प्रभारी से शिकायत की है। वार्ड नं. 07 नयापारा निवासी नसरीन कुरैशी पति राज मोहम्मद कुरैशी निवासी ने थाना प्रभारी को सौंपे गए शिकायत पत्र में कहा है कि उसके सास-ससुर एवं पति का न्यायालय में केस चल रहा है। फिर भी न्यायालय के विरुद्ध जाकर उन्हें घर में जबरदस्ती घुसकर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी जा रही है। घर का ताला तोड़कर भगाने के लिए स्वीपर सपना, शबनम सहित तीन लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। 01 जून को घर का दरवाजा खटखटाकर गाली-गलौज किया गया। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताय कि पारिवारिक मामले में अन्य बाहरी लोग अन्नावश्यक दखल दे रहे हैं और काम करने आए है कहकर झूठ बोला जा रहा है। तीनों व्यक्ति को घर से बाहर निकालने की मांग और पुलिस से मदद की गुहार लगाते हुए मही ने कहा है कि वह और उसकी बेटी घर में अकेले रहते हैं और इस स्थिति में जान का खतरा बना हुआ है। भविष्य में किसी प्रकार की घटना होने पर महिला ने अपनी सास एवं पति तथा तीनों स्वीपर महिलाओं को बताते हुए थाना प्रभारी से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**सरायपाली।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विधानसभा अंतर्गत भाजपा मंडल द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बैतारी के तालाब मेड़ परिसर में सहभागिता करते हुए जिला पंचायत सभापति एवं जिला मंत्री कुमारी भास्कर शामिल हुई और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर कुमारी भास्कर ने कहा कि मां हमें जीवन देती हैं और वृक्ष जीवन को संवारते हैं। इसी भावना को आत्मसात करते हुए यह अभियान प्रकृति के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संदेश देता है। पर्यावरण का संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण मानव जीवन के साथ-साथ समस्त जीव-जंतुओं के अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष हमें शुद्ध वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता का संरक्षण तथा प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। आज आवश्यकता है कि हम सभी अधिक से अधिक वृक्ष लगाएँ और उनके संरक्षण एवं संवर्धन का भी संकल्प लें। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता गण, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्रीगण, मंडल उपाध्यक्षगण, सभी मोर्चा के पदाधिकारी गण, महिला मोर्चा के पदाधिकारी गण, जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# अवैध कब्जे वाली जमीन से बेदखल करने कोर्ट का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर की पहल के चलते लंबे समय से विवादित और कथित अवैध कब्जे वाली जमीन को लेकर चले कानूनी संघर्ष के बाद उच्च न्यायालय ने डॉक्टर गिरधारी चंद्राकर को बेदखल करने का आदेश दिया है। इस फैसले को ग्रामीण इसे पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर की उपलब्धि मान रहे हैं।





ग्रामीणों के अनुसार भामिनी पोखन चंद्राकर ने अपने कार्यकाल के दौरान गांव की भौगोलिक संरचना और सार्वजनिक भूमि को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाया। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे लगभग चार एकड़ जमीन को कब्जामुक्त कर वहां गोठान निर्माण कराया गया। इसके बाद डाक्टर गिरधारी द्वारा कब्जा की गई लगभग नौ एकड़ जमीन को भी पंचायत द्वारा मुक्त कराया गया, लेकिन मामला उच्च न्यायालय पहुंच गया। लंबे कानूनी संघर्ष के बाद अप्रैल 2026 में न्यायालय का फैसला पंचायत के पक्ष में आया। पूर्व सरपंच भामिनी चंद्राकर ने कहा कि उक्त जमीन का उपयोग जरूरतमंद लोगों को आवंटन या स्थायी धान मंडी निर्माण के लिए किया जा सकता है, जिससे किसानों को सुविधा मिलेगी।

## शिक्षक गरिमा शिविर हरिद्वार में 14 शिक्षकों ने भाग लिया

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े शिक्षकों को बच्चों को सही दिशा प्रदान करने एवं भारतीय संस्कृति से परिचित कराने तथा उनके व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर आधारित शिक्षक गरिमा शिविर का आयोजन गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार में 29 से 30 मई तक किया गया। जिसमें भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के उद्देश्य, शिक्षा एवं विद्या में अंतर, भारतीय संस्कृति ज्ञान परंपरा, नैतिक शिक्षा, व्यक्ति एवं समाज निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। अंतिम दिवस बिदाई समारोह में शैफाली का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिविर में भारत सिंह साहू प्रमुख भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मार्गदर्शन में 14 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द प्राचार्य भारत साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भौरिंग प्राचार्य कमलेश्वरी साहू, प्रेमू साहू, लक्ष्मीचंद देवांगन, लता देवांगन, देव संस्कृति विद्यालय से गायत्री सेन, बसंती यादव, लता निषाद, रामेश्वरी साहू, भूमिका चंद्राकर, गायत्री साहू, रेखराम पटेल, सरायपाली से रश्मि देवता, अछोला से उमेश साहू शामिल रहे। शिविर से लौटे शिक्षकों ने इस शिविर को जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।










।।जय सतनाम।।
।।जय भीम।।
।।जय सतनाम।।
गौतम बुद्ध
संत कर्मा माता
गुरूनानक देव
संत कबीर साहेब
संत रविदास
वीर क्रांतिकारी बीरसा मुंडा
शहीद वीर नारायण सिंह
मा. वीरेंद्र ढीढ़ी जी
मा. उपदेश मारकंडे
मा. किशोर सोनवानी
मा. प्रकाश टंडन
डा. मंजीत चन्द्रसेन
गुरू घासीदास बाबा
महात्मा ज्योतिषा राव फूले
राजश्री साहू जी महाराज
नारायण गुरू
डॉ. भीमराव अंबेडकर
दादा नकुलदेव ढीढ़ी
भीष्मदेव ढीढ़ी साहेब
स्व. धरमदास महिलांग
स्व. भागवत कोसरिया
नीतूरानी बांधे
देवकुमार टंडन
वीरसिंह बंजारे
रेवा कुर्रे
केशव कोसरे
किशन मारकंडे
भागवत जोगी
सचिन गायकवाड़
अश्वनी टोण्डे
नानाजी बाघमारे
सत्यानंद जेन्ड्रे
हीरा जोगी
बलराम कोसरिया
मन्नाडे सर
अरविंद प्रहरे
राहुल आवडे
मान. श्री
त्रिभुवन महिलांग जी
पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, महासमुंद
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..! शुभकामनाएँ..!
07 जून
श्री त्रिभुवन महिलांग
पूर्व उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, महासमुंद
श्रीमती राशि महिलांग
महासमुंद नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष
कांग्रेस नेत्री
मा. राकेश टंडन जी
समाज सेवक
सीटू सलूजा
सभापति जनपद पंचायत महासमुंद
मा. महेन्द्र कोसरिया जी
अध्यक्ष - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र महासमुंद शाखा झलप
मा. नूपनरेंद्र बाघमारे जी
उपाध्यक्ष - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र महासमुंद शाखा झलप
मा. मयाराम टंडन जी
उपाध्यक्ष - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र महासमुंद शाखा झलप
मा. रामेश्वर भारती जी
कोषाध्यक्ष - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र महासमुंद शाखा झलप
मा. चैतूराम मारकण्डे जी
सचिव - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र महासमुंद शाखा झलप
धनेश गायकवाड़
सभापति जनपद पंचायत महासमुंद
मा. किसन कोसरिया जी
पूर्व सरपंच एवं उप सरपंच झलप
सुषमा राकेश टंडन
जनपद सदस्य
रवि देव वर्मा
नेमीचंद वर्मा
अमित लहरे
पंच ग्राम पंचायत बरेकेल कला
मोतिम कोसरिया
समाज सेविका
अनीता वर्मा
पंच ग्राम पंचायत बरेकेल कला
डुनेश्वर टंडन
राजेन्द्र जांगडे
काशी राम बघेल
आशकरण दास बंजारे
डायमंड कोसरे
प्रताप मन्नाडे
रूपराम कोसरिया
टी.के. भारद्वाज
आनंद निराला
समारू धृतलहरे
धनेश्वर धृतलहरे
पवन लहरे
परस जोगी
तुकाराम कोसरे
दिलीप कुमार बांधे
यशवंत कोसरे
सुरेश प्रभाकर
अमृत जांगड़े
देहरा प्रसाद बंजारे
आनंद कुर्रे
लाखु ढ़ीढ़ी
अमरदास आवडे
रामप्रसाद माहेश्वरी
संजय भारती
सौजन्य : छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केन्द्र

खबर संक्षेप



## छत पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि गर्मी के दिनों में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे पानी की तलाश रहती है। पक्षियों के खाने के लिए दाना और पीने के लिए पानी व्यवस्था छत में की गई है। सुबह सूरज निकलने के साथ ही पक्षी दाने और पानी के लिए छत पर जुट जाते हैं।

## समर चेस चैम्पियनशिप आज, बच्चे दिखाएंगे दिमाग का दम

**महासमुंद।** शहर के बच्चों की दिमागी कसरत और रणनीतिक कौशल को निखारने के लिए आज एक बड़ा बौद्धिक महाकुंभ होने जा रहा है। स्थानीय बचपन प्ले स्कूल व एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल कैंपस में एक दिवसीय समर चेस चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता बचपन स्कूल एवं ब्रिलिएंट्स चेस एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रही है।

## शहर में संडे ऑन साइकिल रैली आज

**महासमुंद।** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में 07 जून रविवार को साइकिल रैली, योगासन, जुंबा, आत्मरक्षा जैसे गतिविधियों का आयोजन मिनी स्टेडियम से प्रातः 07 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर के निर्देशानुसार साइकिल रैली मिनी स्टेडियम से सुबह 8 बजे प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, गांधी चौक होकर मिनी स्टेडियम में समापन किया जाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2019 में शुरू किए गए फिट इंडिया आंदोलन का उद्देश्य सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में फिटनेस को अभिन्न अंग बनाना है। इस अभियान को प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' के 117वें और 128वें एपिसोड में भी सम्मानित किया गया है, जो नियमित शारीरिक गतिविधि के माध्यम से स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने में इसके महत्व को रेखांकित करता है। खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण ने जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारियों, खेल संघों के खिलाड़ियों, नागरिक, मेरा युवा भारत, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड, रेड क्रॉस, पत्रकार, छात्रावास, साईकिल स्पोर्ट्स, विभिन्न संगठन एवं संस्था, खेल प्रेमी, महाविद्यालय एवं विद्यालय के विद्यार्थियों से अपील किया हैं कि अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करें।

# खाद उपलब्धता पर सरकार के दावे खोखले, किसान अब भी परेशानः द्वारिकाधीश

## सहकारिता मंत्री के बयान और खाद वितरण व्यवस्था पर सरकार से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जरूरत के हिसाब से खाद पाने वाले एक किसान का नाम सार्वजनिक करें : यादव

प्रदेश के सहकारिता मंत्री द्वारा सहकारी समितियों में पर्याप्त रासायनिक खाद उपलब्ध होने तथा किसानों को सुगमता से उर्वरक वितरण किए जाने संबंधी दिए गए बयान पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सवाल उठाते हुए कहा है कि जमीनी हकीकत मंत्री के दावों से बिल्कुल अलग है।

जिला कांग्रेस कमेटी एवं विधायक यादव ने बयान जारी कर कहा कि प्रदेश के अनेक सहकारी समितियों में किसान खाद के लिए लगातार चक्कर काट रहे हैं। कई स्थानों पर यूरिया एवं डीएपी की उपलब्धता मांग के अनुरूप नहीं है, जिससे खरीफ सीजन की तैयारी कर रहे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि वास्तव में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है तो किसानों को घंटों कतार में खड़े रहने और बार-बार समितियों के चक्कर लगाने की नौबत क्यों आ रही है?



कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि खरीफ सीजन किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान खाद की कमी या वितरण में अव्यवस्था सीधे किसानों की उत्पादन क्षमता और आय को प्रभावित करती है। सरकार को सभी सहकारी समितियों में वास्तविक स्टॉक की समीक्षा कर पारदर्शी वितरण व्यवस्था लागू करनी चाहिए तथा कालाबाजारी और कृत्रिम कमी पैदा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रत्येक जिले और विकासखंड में खाद उपलब्धता की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करे तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष निगरानी तंत्र गठित करे। कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों से जुड़े इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी और किसानों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करेगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष व खल्लारी विधायक यादव ने सहकारिता मंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि यदि प्रदेश में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त खाद मिल रही है, तो सरकार ऐसे एक भी किसान का नाम सार्वजनिक करे, जिसे बिना किसी परेशानी के मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध कराया गया हो। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में किसान खाद के लिए भटक रहे हैं और समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जबकि सरकार केवल कागजी आंकड़ों के आधार पर दावे कर रही है।

### किसानों की जरूरतों के मुकाबले सहायता राशि बेहद कम

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। एक हेक्टेयर के लिए निर्धारित राशि में खाद, बीज और बीमा सभी को शामिल कर दिया गया है, जो किसानों की वास्तविक जरूरतों के मुकाबले बेहद कम है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से किसानों को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है और सरकार को राशि बढ़ाकर किसानों को राहत देनी चाहिए।

समस्या : ग्राम पंचायत नर्रा के उचित मूल्य की दुकान का है मामला

# पीओएस मशीन का पोर्टल बंद होने से अप्रैल माह के राशन से सैकड़ों गरीब परिवार वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गरीबों को दी जाने वाली राशन अप्रैल, मई और जून तीन माह दिया जा रहा है। यह मामला बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत नर्रा के उचित मूल्य की दुकान पर जुड़ी एक बेहद गंभीर और संवेदनशील समस्या है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जब हितग्राहियों को तीन महीने (अप्रैल, मई और जून) का राशन का वितरण किया जाना था। सेल्समैन का कहना है कि पीओएस मशीन अपडेट नहीं होने से माह की समाग्री किसी में शक्कर, किसी में नमक एवं राशन शो नहीं कर रहा है, इससे वितरण करने में परेशानी हो रही है।

सरकार एक तरफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गरीबों को भूखा न सोने वहीं दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर प्रशासनिक और तकनीकी कमियां इन दावों की पोल खोल रही हैं। नर्रा के गरीब राशन कार्ड हितग्राहियों को अप्रैल, मई और जून यानी तीन महीने का राशन एक साथ मिलना था। लेकिन, राशन दुकानों में लगी पीओएस मशीनें अपडेट न होने के कारण एक बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। राशन दुकानों पर पहुंच रहे गरीब परिवारों को अप्रैल महीने का राशन नहीं मिला। दुकान संचालकों का कहना है कि मशीन में अप्रैल माह का डेटा अपडेट ही नहीं दिख रहा है, जिसके कारण वे फिंगरप्रिंट (बायोमेट्रिक) वेरिफिकेशन नहीं कर पा रहे हैं। नतीजा यह है कि हितग्राही भीषण गर्मी में घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मशीन को अपडेट नहीं किया गया, तो उनका एक पूरे महीने का राशन डूब जाएगा, जिससे उनके सामने भरण-पोषण की संकट खड़ी हो गई है। पहले केवल पीओएस मशीन अपडेट न होने की समस्या थी और अब सॉफ्टवेयर या सर्वर की खराबी के कारण मशीन में किसी का शक्कर, किसी का नमक, तो किसी का पूरा राशन ही शो (दिखाई) नहीं कर रहा है। मशीन की इस तकनीकी गड़बड़ी का खामियाजा सीधे तौर पर गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है। हितग्राही इस भीषण गर्मी में बार-बार राशन दुकान के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जिससे उनका समय और मजदूरी दोनों का नुकसान हो रहा है। पीओएस मशीन में पात्रता सूची के अनुसार सामग्री ही प्रदर्शित नहीं हो रही है। इसके चलते राशन वितरण प्रभावित है।




# मरार पटेल महासंघ की विचार गोष्ठी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मां कौशल्याधाम जमड़ी पाट पाटेश्वर

- छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से समाज के प्रमुखजन लेंग हिस्सा, संगठन में नवाचार व समाज की भूमिका पर होगी चर्चा

आश्रम में मरार पटेल महासंघ द्वारा 7 जून को प्रातः 10 बजे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से समाज के प्रमुखजन हिस्सा लेंगे। इसमें प्रमुख रूप से संत रामबालक दास महात्यागी, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, मरार महासंघ के संयोजक राजेंद्र नायक, अध्यक्ष बरत राम पटेल, सुनील पटेल, सुरेंद्र पटेल, आत्मा नारायण पटेल, प्रदेश प्रवक्ता लोचन पटेल, महामंत्री, सचिव, कोषाध्यक्ष व पदाधिकारीगण सम्मिलित होंगे। इस विचार गोष्ठी में समाज के संगठन में नवाचार और समाज की भूमिका के बारे में चर्चा होगी। विचार गोष्ठी के प्रथम चरण में




मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना होगी। इसके बाद अतिथिगणों एवं समाज प्रमुखों का स्वागत सम्मान के बाद उद्बोधन होगा। द्वितीय चरण में पुनः संत रामबालक दास महात्यागी दीप प्रज्वलित करेंगे। स्वागत उदबोधन, महाआरती के बाद समापन होगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता एवं मां भगवती शाकंभरी देवी पूजा महोत्सव आयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक, संयोजक लोचन पटेल ने दी।

# आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र सिरपुर के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र सिरपुर के प्रतिनिधिमंडल ने समाज की विभिन्न मांगों एवं क्षेत्रीय



समस्याओं को लेकर क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के समक्ष रायकेश्वर नाथ मंदिर कार्यालय परिसर में शेड निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण तथा समाज से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताओं एवं समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा। साथ ही परिक्षेत्र के आश्रित ग्रामों में आदिवासी समाज के आराध्य स्थल बड़ादेव पेनठाना के लिए स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह भी किया गया। विधायक सिन्हा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को धैर्यपूर्वक सुना तथा मांगों के शीघ्र एवं सकारात्मक निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने समाज के विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों में हरसंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र सिरपुर के अध्यक्ष गौतम मरई, किसलाल ध्रुव, सुशील नेताम, जयलाल नेताम, बाबूलाल ध्रुव, गोपी ध्रुव, जीवनलाल ध्रुव, नारायण ध्रुव, दानवीर ध्रुव, वीरेंद्र नेताम, पूरन नेताम, मनीराम ध्रुव सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# मुक्तिधाम निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद, बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 में राज्य प्रवर्तित मद से 34 लाख की लागत से बन रहे मुक्तिधाम का भूमिपूजन व पौधरोपण नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल व पार्षद के हाथों हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि वार्ड क्रमांक 10 नवागांव में मुक्तिधाम के बन जाने से धूप, बारिश के समय होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। नपाध्यक्ष बघेल ने पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और आने वाली पीढ़ियों



के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधरोपण आवश्यक है। जब तक वन है तब तक मनुष्य का जीवन ही है स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास के पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। श्रीमती बघेल ने आगे कहा कि विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। नगर की बेहतरी और निवासियों की सहूलियत के लिए हर वार्ड में लगातार काम चल रहा है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। शहर में जहां भी नाली और सड़क की आवश्यकता है, यह कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष ने ठेकेदार से कहा कि का निर्माण गुणवत्ता के साथ से कराएं। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद थानू पांडे, मंता यादव, मिथुन अमीर.रमेश ठाकुर, मेनका साहू, पोखराज साहू, ताम्रध्वज बघेल, हालदार, ईश्वर ठाकुर, प्रहलाद चंद्राकर, बिसहत ठाकुर, पवन चंद्राकर, गिरीश ठाकुर, कालेश्वर ठाकुर, थानवार कुलदीप, शीतल कुर्रे, नीरज चंद्राकर, सर्वेश चंद्राकर, मनीष ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, राजेश चंद्राकर, भूपेंद्र ठाकुर, आर्यन चंद्राकर, नगर पालिका अधिकारी गिरीश चंद्रा सहित नगर पालिका के कर्मचारी वार्डवासी उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम का संकल्प लेकर वन विद्यालय में लगाए पौधे

**महासमुंद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सामान्य वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र द्वारा वन विद्यालय में वृहद स्तर पर पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से हुई। जिसमें अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उपस्थित जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधरोपण आवश्यक है। ऐतराम साहू ने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास के पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी महासमुंद, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी महासमुंद, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, वन विद्यालय महासमुंद के प्रशिक्षु, वनकर्मी, सुरक्षा श्रमिक एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पंचायत विकास योजना पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

## जनपद एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों -कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान योजना अंतर्गत 16वें वित्त आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पंचायत विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत महासमुंद में शुक्रवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों में सहभागी एवं समावेशी विकास योजनाओं के निर्माण तथा उनके बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, संकाय सदस्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपखंड अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के कार्यक्रम प्रबंधक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपसंचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास दीप्ति साहू, जिला समन्वयक योगेश साहू तथा पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि महेंद्र आर्या द्वारा पंचायत विकास योजना की अवधारणा, ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, 16वें वित्त आयोग के प्रावधानों, स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर योजनाओं के निर्माण तथा विभिन्न विभागों के समन्वय की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि पंचायत विकास योजना ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र एवं सतत विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं एवं जन अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों की प्राथमिकता तय कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी में एचपीवी वैक्सीन अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीतू धृतलहरे तथा खंण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढई के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी में 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने का अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 127 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है। इस अवसर पर संस्था प्रभारी डॉ. बीएल मिश्रा एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ द्वारा उपस्थित किशोरियों एवं अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय है। इस अभियान के दौरान सिस्टर ज्योत्सना चंद्राकर द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए किशोरियों का टीकाकरण किया गया तथा उन्हें एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य टीम द्वारा बताया गया कि एचपीवी वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय है। साथ ही सभी लाभार्थियों एवं अभिभावकों को समय पर टीकाकरण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया गया। स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। अंत में स्वास्थ्य टीम द्वारा सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा शहर मंडल में बैठक, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगति पथ यात्रा, सुशासन तिहार के साथ भाजपा शीर्ष संगठन के निर्देशानुसार आगामी समय में होने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा शहर मंडल महासमुंद की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में बैठक के मुख्यवक्ता प्रगति पथ यात्रा के प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, शहर मंडल प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेत्री मोनिका साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका की उपस्थिति में हुई।

बैठक के पूर्व अतिथियों और उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों द्वारा भारतमाता, पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवम पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक के मुख्य वक्ता प्रगति पथ यात्रा के प्रदेश प्रभारी डॉ विमल चोपड़ा ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार के सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक वृहद जनसंपर्क अभियान का प्रमुख हिस्सा है। डॉ चोपड़ा ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो को जनसंपर्क के माध्यम से जन जन तक पहुंचाना है। प्रगतिपथ यात्रा राष्ट्रीय स्तर से प्रारम्भ होकर बूथ स्तर तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रगतिपथ यात्रा कम से कम 10 किलोमीटर तक निकाली जा रही है।

डॉ चोपड़ा ने कहा कि मोदी सरकार में पूरी हुई प्रमुख विकास परियोजनाओं जैसे एम्स, आईआईटी, मेडिकल कॉलेजों शिक्षण संस्थान, नए पुल और रेलवे, वंदे भारत की सेवाओं सहित



अनेक जनकल्याणकारी कार्यो को जनसंवाद के माध्यम से हम सबको जन जन तक ले जाना है। मंडल प्रभारी मोनिका साहू ने प्रगतिपथ यात्रा और भाजपा के सुशासन तिहार को लेकर आगामी दिनों में होने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमो की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की जनता के बीच जाकर जनसेवा के लिए आयोजित सुशासन तिहार भाजपा का सुशासन का प्रतीक है। प्रगतिपथ यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षो के अमृतकाल में हुए बदलाव, विश्वास, जनकल्याण के नए युग की जानकारी देना है। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने भी केंद्र सरकार की इस महाभियान को जनसेवा का प्रतीक बताते हुए कहा संगठन द्वारा दिए गए कार्यो और सभी कार्यक्रमों को हम सभी एकजुट होकर सफल बनाएंगे और बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम सफलतापूर्वक समपन्न हो, इसके लिए प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी सुनिश्चित करेंगे।

बैठक का संचालन और आभार मंडल महामंत्रीद्वय अग्रज शर्मा और मीना वर्मा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र जैन, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, मंडल उपाध्यक्ष झनक लाल साहू, राजू चंद्राकर, ऋषभ बाफना, कल्पना सूर्यवंशी, मंत्री लक्ष्मी साहू, पीयूष साहू, नइम खान, कोषाध्यक्ष हिमांशु चंद्राकर आदि मौजूद रहे।